तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 16 फरवरी 2025



12 नपं नगरी में भाजपा का परचम लहराया,...





14 आमदी में फिर खिला कमल, दोगुने वोट से अध्यक्ष पद...






**नगरीय निकाय चुनाव 2025:** निगम के 27 वार्ड में भाजपा, 8 वार्ड में कांग्रेस, 5 वार्ड में निर्दलीय का परचम लहराया

# पांच साल बाद निगम में भाजपा की ऐतिहासिक वापसी

## निगम सहित 5 नगर पंचायतों में भाजपा की जीत, बाजे-गाजे के साथ विजय जुलूस निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा ने 38665 वोटों से जीत दर्ज की। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी नहीं रहने से बसपा से भाजपा महापौर का मुकाबला रहा। हालांकि भाजपा महापौर को छोड़ किसी भी महापौर प्रत्याशी ने अपनी जमानत नहीं बचा पाई। 40 वार्डों में 27 वार्ड भाजपा की झोली में गए वहीं 8 वार्डों में कांग्रेस सिमट गई। 5 वार्डों में निर्दलीय पार्षदों ने परचम लहराया है। हार-जीत का फैसला होने के बाद वार्डों में जश्न का माहौल है। विजेता प्रत्याशी विजय जुलूस निकालकर घर-घर आशीर्वाद लेते रहे।

जिले में एक नगर निगम तथा पांच नगर पंचायतों की शहरी सत्ता का फैसला हो गया है। मगरलोड नगर पंचायत में कांग्रेस ने अपनी साख बचाई जबकि नगरी, भखारा, आमदी, कुरूद में भाजपा का कमल खिला। नगर निगम महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा ने 38665 मत प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बसपा के आशीष रात्रे ने 4580 मत हासिल किया। तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी अवैश हाशमी ने 3630 मत प्राप्त किया। इसके अलावा महापौर के अन्य प्रत्याशी एक हजार का आंकड़ा पार नहीं कर सके। नोटा को 1789 मत मिले।

कांग्रेस महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन रद्द होने के बाद निगम का चुनाव एकतरफा हो गया था। कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों ने हटकेशर, शीतलापारा, महिमासागर, साल्हेवारपारा, नयापारा वार्ड, जोधापुर वार्ड, डाकबंगला वार्ड, रिसाईपारा पश्चिम में जीत दर्ज की वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों ने औद्योगिक वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, रामपुर वार्ड, टिकरापारा, सुभाष नगर से परचम लहराया। शेष 27 वार्ड भाजपा की झोली में गए।









### महापौर प्रत्याशियों को मिले इतने वोट

रामू रोहरा भाजपा को 38665, आशीष रात्रे बसपा 4580, महेश रावटे 877, महेश साहू 583, अवैश हाशमी 3630, फिरोज खान 304, गगन कुंभकार 79, तिलकराज सोनकर को 423 और नोटा को 1789 वोट मिले हैं।

**रूझान की जानकारी कार्यकर्ताओं से मिली**

## मीडिया सेंटर में असहज रहे पत्रकार, लाउड स्पीकर शो-पीस बना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निकाय चुनाव के रिजल्ट को लेकर मीडिया सेंटर में बैठे पत्रकारों को फजीहत का सामना करना पड़ा। सुबह 9 बजे से रूझान की जानकारी लेने बैठे पत्रकारों को पहले चरण की गिनती की जानकारी देने की कोशिश भी नहीं की गई। मीडिया सेंटर में बैठे पत्रकारों को बाहर कार्यकर्ताओं की भीड़ से पूछकर रूझान का पता करना पड़ा। रिजल्ट आने से पहले लाउड स्पीकर शो-पीस बना रहा।

उल्लेखनीय है कि 9 बजे से टीवी चैनलों में प्रदेश के निकायों का रूझान आना शुरू हो गया था। 10 बजे डाकमत पत्रों की जानकारी पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने दी। प्रथम चरण की गिनती की जानकारी को लेकर पत्रकारों का मोबाइल बजता रहा। किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिलने से पत्रकार असहज महसूस करने लगे। जनसंपर्क अधिकारी से पहले चरण की गिनती की जानकारी पत्रकारों ने मांगी तो टेबुलेशन होने की बात कही। इधर चुनावी रिजल्ट को लेकर बाहर इकट्ठे हुए कार्यकर्ताओं के पटाखे फूटने लगे। पत्रकारों को कार्यकर्ताओं के पास जाकर जानकारी जुटानी पड़ी। अपुष्ट खबरों से रूझान का पता चलने के बाद फाइनल रिजल्ट आया। तब अधिकारियों ने एनाउंसमेंट कर मतगणना का रिजल्ट बताया और विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण-पत्र सौंपा।






**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969








**खबर संक्षेप**

## अंधा मोड़ में फिसली बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल



■ ग्राम खपरी-भानपुरी के पास हुई घटना

**धमतरी।** रात्रि में घर लौटते समय बाइक ग्राम खपरी-भानपुरी मार्ग स्थित अंधा मोड़ में अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दूसरा घायल हो गया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम देवकोट चौकी कंवर निवासी खिलावनराम ढीमर पिता सहदेव उम्र 35 वर्ष शुक्रवार को अपने चचेरे भाई रमेंद्र ढीमर के साथ उसी की मोटरसाइकिल में किसी काम से ग्राम खरेंगा गया था जहां से रात्रि में दोनों बाइक में सवार होकर ग्राम खपरी होते हुए वापस अपने घर देवकोट लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम खपरी व भानपुरी मार्ग स्थित अंधा मोड़ में उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद खिलावन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल का प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### 2500 से अधिक मतों के अंतर से जीते भाजपा प्रत्याशी, भाजपा खेमे में जश्न, नगर में निकला विजय जुलूस

# नपं नगरी में भाजपा का परचम लहराया, बलजीत बने अध्यक्ष

■ पार्षद राजा पवार सर्वाधिक मतों से जीते

■ नोटा में कुल 213 वोट पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





नगर पंचायत नगरी के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बलजीत छाबड़ा ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पेमन स्वर्णबेर को हजारों मतों के अंतर से हराकर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का गौरव हासिल किया। भाजपा के बलजीत छाबड़ा को 5325 वोट पेमन स्वर्णबेर कांग्रेस को 2856 वोट मिले। 2469 वोट से श्री छाबड़ा ने जीत दर्ज की।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### विकास और सुशासन की प्रतिबद्धता : छाबड़ा

जीत के बाद बलजीत छाबड़ा ने नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता की जीत है। उन्होंने नगरी के विकास, स्वच्छता, जल निकासी, सड़क, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

### जनता ने किया विश्वास : प्रकाश बैस

श्री छाबड़ा की जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, कमल डागा, रूपेंद्र साहू, अकबर कश्यप, शास्वत शुक्ला सहित वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा संगठन की नीतियों की जीत बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह जनता का विश्वास है, जिसे भाजपा पूरी ईमानदारी से निभाएगी।

### कांग्रेस को झटका, समर्थकों में निराशा

कांग्रेस प्रत्याशी पेमन स्वर्णबेर की हार से कांग्रेस खेमे में निराशा देखी गई। हालांकि कांग्रेस नेताओं ने लोकतंत्र की मर्यादा का पालन करते हुए जनता के फैसले को स्वीकार किया और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की बात कही।

### नगरी में भाजपा की सशक्त मौजूदगी

इस चुनाव में भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ साबित की है। अब सभी की निगाहें नगर पंचायत के आगामी कार्यकाल पर हैं जहां जनता को उम्मीद है कि बलजीत छाबड़ा अपने वादों को धरातल पर उतारकर नगरी को विकास के नए आयाम देंगे।

### भाजपा के 11 पार्षद, कांग्रेस के 3 व 1 निर्दलीय जीते

वार्ड क्रमांक 1 राजा पवार भाजपा, वार्ड 2 देवचरण ध्रुव भाजपा, वार्ड 3 मिक्की गुप्ता कांग्रेस, वार्ड 4 नरेश पटेल कांग्रेस, वार्ड 5 विनीता कोठारी भाजपा, वार्ड 6 विकास बोहरा भाजपा, वार्ड 7 चेलेश्वरी साहू भाजपा, वार्ड 8 जयंती साहू कांग्रेस, वार्ड 9 अलका साहू भाजपा, वार्ड 10 डाकेश्वरी साहू भाजपा, वार्ड 11 अश्वनी निषाद भाजपा, वार्ड 12 अंबिका ध्रुव भाजपा, वार्ड 13 यशकरण पटेल भाजपा, वार्ड 14 शंकरदेव भाजपा, वार्ड 15 हरीश साहू निर्दलीय विजयी रहे।

### 15 टेबल मे हुई मतगणना

मतगणना के लिए 15 टेबल लगाए गए। सभी 15 टेबल में अध्यक्ष और पार्षद पद के वोटों की मतगणना अभिकर्ता की उपस्थिति में ईवीएम मशीन की जांच करवाकर की गई। पहले अध्यक्ष प्रत्याशी के मतों की गणना की गई। उसके बाद पार्षद पद के मतों की गणना की गई। भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी बलजीत छाबड़ा को 5325 वोट, पेमन स्वर्णबेर कांग्रेस को 2856 वोट मिले। श्री छाबड़ा 2526 वोट से विजयी रहे। भाजपा के पार्षद पद प्रत्याशी ने 11 सीट पर कब्जा जमाया। 3 कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी विजयी रहे। एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भी जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 1 से भाजपा के राजा पवार 390 वोट से जीते। वार्ड नंबर 2 से भाजपा के देवचरण 45 वोट से जीते। वार्ड नंबर 3 से कांग्रेस प्रत्याशी मिक्की गुप्ता 66 वोटों से जीते। वार्ड नंबर 4 से कांग्रेस प्रत्याशी नरेश पटेल 94 वोट से जीते । वार्ड नंबर 5 से भाजपा प्रत्याशी विनीता कोठारी 14 वोटों से जीते। वार्ड नंबर 6 से भाजपा प्रत्याशी विक्की बोहरा 355 वोटों से जीते वार्ड। नंबर 7 से भाजपा प्रत्याशी चेलेश्वरी साहू 28 वोटों से जीते। वार्ड नंबर 8 से कांग्रेस प्रत्याशी जयंती साहू 55 वोटों से जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 9 से भाजपा प्रत्याशी अलका साव 53 वोटों से जीते। वार्ड नंबर 10 से भाजपा प्रत्याशी डाकेश्वरी साहू 181 वोटों से जीते। वार्ड नंबर 11 से भाजपा प्रत्याशी अश्वनी निषाद 80 वोटों से जीते । वार्ड नंबर 12 से भाजपा प्रत्याशी अंबिका ध्रुव 111 वोटों से जीते। वार्ड नंबर 13 से भाजपा प्रत्याशी यशकरण पटेल 07 वोटों से जीते । वार्ड नंबर 14 से भाजपा प्रत्याशी शंकर देव 320 वोटों से जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 15 से निर्दलीय प्रत्याशी हरीश साहू 24 वोटों से जीते। सबसे ज्यादा मत 390 से पार्षद राजा पवार जीते। उसके बाद विक्की वोहरा 355 वोट, फिर शंकर देव 320 वोट रहे। सबसे कम मत 7 से आसकरण पटेल जीते। वहीं विनीत कोठारी ने 28 वोटों से जीत हासिल की।

**झलकियां**



जीत के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा विजय प्रत्याशी बलजीत छाबड़ा समेत अनेक कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी पेमन स्वर्णबेर के निवास पहुंचे। एक दूसरे से गले मिलकर जीत की बधाई दी।



पांच भाजपा महिला प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की।



रिटर्निंग ऑफिसर से निर्वाचित प्रमाण-पत्र प्राप्त करते बलजीत छाबड़ा सहित समस्त पार्षदगण।

# कांग्रेस की लीलेश नपं मगरलोड भैंसमुंडी की अध्यक्ष बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

### भाजपा से 3 पार्षद, कांग्रेस 7 और 5 बागी पार्षद विजयी हुए

नगरीय निकाय चुनाव परिणाम 15 फरवरी शनिवार को घोषित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला को स्ट्रांग रूम बनाया गया था। सुबह 9 बजे से गणना प्रारंभ हुई। उम्मीदवारों की मौजूदगी में ईवीएम मशीन को खोला गया। मतगणना के लिए 15 टेबल रखे गए थे। पहले ही राउंड में पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला हो गया। पहले ही राउंड में अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी लिलेश सुरेश साहू आगे रहीं।

वार्ड क्रमांक 1 शहीद भगत सिंह से भाजपा प्रत्याशी यशोदा





चौहान जीते। वार्ड 3 गुरु घासीदास

बोस से बागी प्रत्याशी बी तुलसी



लीलेश साहू



सुरेश साहू

घनश्याम साहू, वार्ड 6 महात्मा गांधी वार्ड से बागी प्रत्याशी अशोक साहू, वार्ड 7 रानी लक्ष्मी बाई से बागी प्रत्याशी तामेश्वरी सत्यनारायण साहू, वार्ड 8 पंडित

सुंदरलाल शर्मा से बागी प्रत्याशी ईश्वर साहू, वार्ड 9 पंडित नारायण राव मेघा वाले से कांग्रेस प्रत्याशी खिलावन साहू, वार्ड 10 पंडित दीनदयाल उपाध्याय से कांग्रेस प्रत्याशी तीजेश्वरी लोमसिंह साहू, वार्ड 11 डॉ भीमराव अंबेडकर से कांग्रेस प्रत्याशी चेतन बिंझेकर, वार्ड 12 श्यामा प्रसाद मुखर्जी से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश साहू, वार्ड 13 शहीद वीर नारायण सिंह कांग्रेस प्रत्याशी रूक्मणि तोरण सिन्हा, वार्ड 14 स्वामी विवेकानंद से भाजपा प्रत्याशी बिराजो जयतु साहू तथा वार्ड 15 रानी दुर्गावती से कांग्रेस प्रत्याशी हिरवानी ठाकुर चुनाव जीते।

### भाजपा के 3 पार्षद प्रत्याशी ने बचाई साख

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी चुनाव में भाजपा अध्यक्ष की करारी हार के बाद भाजपा के वार्ड 1 प्रत्याशी यशोदा साहू, वार्ड 3 प्रत्याशी यादराम गायकवाड़ एवं वार्ड 14 प्रत्याशी बिराजो जयतु साहू ने जीतकर भाजपा की लाज बचाई है।

### पांच बागी प्रत्याशी ने दिखाया दम

इस बार के चुनाव में राष्ट्रीय पार्टी भाजपा कांग्रेस से नाराज होकर बागी प्रत्याशी वार्ड 2 बेदम चौहान ,वार्ड 4 बी तुलसी राजू राव, वार्ड 6 अशोक साहू, वार्ड 7 तामेश्वरी सत्यनारायण साहू तथा वार्ड 8 ईश्वर साहू ने चुनाव जीतकर दम दिखाया है।

### कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी बहुमत में अव्वल

नगर अध्यक्ष की कुर्सी के साथ कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी बहुमत में अव्वल रहे। कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी वार्ड 5 से घनश्याम साहू , वार्ड 9 खिलावन साहू, वार्ड 10 तीजेश्वरी साहू, वार्ड 11 में चेतन बिंझेकर, वार्ड 12 सुरेश साहू, वार्ड 13 रूक्मणि सिन्हा व वार्ड 15 हिरवानी ठाकुर ने चुनाव जीतकर कांग्रेस पार्टी के बहुमत को बरकरार रखा है।

### कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी को 2651 वोट मिले

अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार थे। कांग्रेस पार्टी से लीलेश सुरेश साहू, भाजपा से कविता भवानी यादव, निर्दलीय प्रत्याशी राधा सोनवानी थी। मतगणना के बाद कांग्रेस प्रत्याशी को 2651, भाजपा प्रत्याशी को 1517 व निर्दलीय को 176 वोट मिले। नोटा में 43 वोट पड़े। कांग्रेस प्रत्याशी 1134 वोटों से चुनाव जीतीं।

### मतगणना में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी

15 फरवरी को मतगणना स्थल में टीआई राजेश जगत, एएसआई धनी राम नेताम, प्रधान आरक्षक दीनू मार्कण्डेय, आरक्षक बोधन निषाद, कीर्तन सोनकर, गिरधारी निषाद, गोविंदा घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी ने ग्रामीणों से मांगा जीत का आशीर्वाद

■ जिपं क्षेत्र क्रमांक 12 के भाजपा समर्थित अरूण ने सांकरा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुण कुमार सार्वा का जनसंपर्क अभियान जोरों पर है। 15 फरवरी को सांकरा के सभी वार्ड और रामनगर में जनसंपर्क किया। ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर श्री सार्वा का अभिनंदन किया और आशीर्वाद दिया। श्री सार्वा ने ग्राम सांकरा के महावीर पारा, सतनामी पारा, महादेव पारा, बीचपारा, टिकरापारा, छिन्दपारा, गौरीशंकर चौक, सत्तीपारा, स्कूलपारा, गांधी चौक, शंकर चौक, अस्पताल पारा, कोड़मुड़पारा, शंकर नगर, रामनगर में जनता को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा।

जनसंपर्क के दौरान चुनाव प्रभारी रवि शंकर दुबे, राजेश गोसाई, गिरवर भंडारी, सुंगध साहू, शशि भूषण साहू, शंकर साहू, सुरेश साहू, जन्मेजय साहू, पवन साहू, सतीश बबलू साहू, श्रवण यादव, पवन श्रीमाली, टिकेश पटेल, चन्द्रहास बिसेन, रामूलाल, रामजी सहारा, कुंदन चनाप, शकुन साहू, प्रभा साहू, महेश्वरी चनाप, हेमिन कश्यप, बिसाहिन साहू, सबरी भंडारी, राधा साहू सहित सभी बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नपं भखारा में ज्योति ने 12 पार्षदों के साथ जीत हासिल की



■ बीजेपी कार्यालय से निकली भव्य रैली, बाजे-गाजे के साथ हुई आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम का चुनाव परिणाम घोषित किया गया। नगर पंचायत भखारा भठेली से ज्योति हरख जैन ने 640 वोटों से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी संतोषी निषाद को हराया। नगर पंचायत भखारा भठेली के 15 वार्ड पार्षदों में से 12 में बीजेपी समर्पित प्रत्याशी और तीन में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ने विजय हासिल की। बाजे-गाजे आतिशबाजी के साथ विजय प्रत्याशी ज्योति हरख जैन व भाजपा समर्थित पार्षदों ने बीजेपी कार्यालय से भव्य रैली निकाली। नगर पंचायत भखारा भठेली का भ्रमण करते हुए स्थानीय देवी देवताओं से आशीर्वाद लिया और जनता का आभार व्यक्त किया। जगह-जगह विजय प्रत्याशियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। रास्तेभर आतिशबाजी की गई। भव्य विजय जुलूस निकाला गया।

# बाइक डिवाइडर से टकराई, 3 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ हाईवे में बाम्बे गैरेज के पास हुआ हादसा

शादी कार्यक्रम से लौट रहे युवकों की बाइक हाईवे में बाम्बे गैरेज के पास डिवाइडर से टकरा गई। घटना में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए।

घायलों से मिली जानकारी अनुसार स्थानीय सोरिद निवासी राज गाड़ा पिता विष्णुराम उम्र 16 वर्ष, प्रह्लाद सतनामी 21 वर्ष व तोमेशकुमार उम्र 18 वर्ष बाइक में सवार होकर शादी कार्यक्रम में शामिल होने मगरलोड गए थे जहां से रात्रि में तीनों वापस लौट रहे थे। नेशनल हाईवे में बाम्बे गैरेज के पास से उनकी बाइक गुजर रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही दो कार को साइड देने के चक्कर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। सूचना पर हाइवे पेट्रोलिंग व रक्तदान एम्बुलेंस तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायलों को उपचार के लिए, जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती किया गया। घायलों में एक युवक को गंभीर चोट लगी है। शनिवार को परिजन घायल युवकों को रिफर कराकर निजी अस्पताल ले गए।

# बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

■ हाईस्कूल अंवरी में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**अंवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में वार्षिक उत्सव के साथ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देश भक्ति गीत, संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ते हुए रेला पाटा, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य जैसे अनेक आयोजन हुए। बच्चों ने खो-खो, कबड्डी, दौड़ में अपनी प्रतिभा दिखाई। खेल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पेन एवं डायरी देकर सह सम्मान विदाई दी गई। संस्था प्रमुख पीएन साहू ने छात्र-छात्राओं को लगन से पढ़ाई करने को कहा। कार्यक्रम में आईआर साहू, केएल यादव, पी.सिन्हा, एन.सिन्हा, फलेंद्र ध्रुव शाला विकास समिति अध्यक्ष, भुनेश्वर राम साहू, बलराम ध्रुव, बिसाहू साहू, नंदकुमार निर्मलकर, विश्रामपाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, **धमतरी** // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, **गुरूर**
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरूद, नगरी, मगरलोड, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/-
3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी
3X2 के 100 बैनर
फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

19000/-
4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी
4X2.5 के 100 बैनर
फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

21000/-
5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी
5X3 के 100 बैनर
फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

31000/-
6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी
5X3 के 100 बैनर
फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
|---|---|---|---|
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है

हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें
93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

